न्यायालय उपखण्ड अधिकारी(एस.डी.ओ.)सिणधरी

पीठासीन अधिकारी–श्री वीरमाराम, आर.ए.एस

राजस्व आवेदन संख्या 190 / 2022

प्रार्थी **बनाम** **विप्रार्थीगण**

प्रार्थी:

1. गिरधारीराम पुत्र चिमनाराम
2. शेराराम पुत्र चिमनाराम
3. केहनाराम पुत्र चिमनाराम
4. मगी चौधरी पुत्री चिमनाराम
5. सोनीदेवी पत्नी चिमनाराम, निवासी कादानाडी तहसील सिणधरी, बाड़मेर

विप्रार्थीगण:

1. चौखाराम पुत्र नरसीगाराम
2. मूलीदेवी पत्नी पनाराम
3. वसाराम पुत्र पुरखाराम
4. जीवाराम पुत्र रामाराम
5. नैनाराम पुत्र दानाराम
6. नारणाराम पुत्र दानाराम
7. पुरोदेवी पत्नी दानाराम, निवासी कादानाडी, तहसील सिणधरी, बाड़मेर

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956
(वास्ते–विवादित भूमि की करने नेखमबन्दी बाबत)

उपस्थिति–

1. श्री जोगराज पोटलिया , अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से उपस्थित।

2. विप्रार्थी एकतरफा।

Signature Not Verified

आदेश

Digitally signed by Veerma Ram
Date: 2022.11.17 16:22:17 IST
Reason: SelfAttested

दिनांक 20.10.2022

1. संक्षेप में आवेदन के सुसंगत तथ्य इस प्रकार है,कि प्रार्थीगण का खेत मौजा कादानाडी व पटवार हल्का कादानाडी तहसील सिणधरी में खसरा संख्या 594 / 586 रकबा 15.8159 हैक्टेयर खातेदारी का अवस्थित है। प्रार्थीगण के उपरोक्त खेत विप्रार्थीगण के खेतों के सेढा सेढ आई हुई है। खेतों के बीच किसी प्रकार कि कोई पक्की माठे या सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमाओ को लेकर पक्षकारान मे तनाजा एवं विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा खेत मौजा कादानाडी व

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

टवार हल्का कादानाडी तहसील सिणधरी में खसरा संख्या 594/586 रकबा 15.8159 हैक्टेयर भूमि की पक्की नेखमबंदी करवाने हेतु यह आवेदन पत्र पेश किया गया है।

2. प्राथीगर्ण का आवेदन को दर्ज रजिस्टर किया गया। विप्रार्थीगण को जरिये रजिस्ट्रर्ड नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण के नोटिस तामील शुदा प्राप्त हुए। विप्रार्थीगण को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरांत भी हाजिर नहीं होने पर उनके विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।

3.वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने आवेदन के तथ्यो को दोहराते हुए कथन किया, कि प्रार्थी के खेत मौजा कादानाडी पटवार हल्का कादानाडी तहसील सिणधरी में खसरा संख्या 594/586 रकबा 15.8159 हैक्टेयर भूमि आई हुई है। प्रार्थीगण के उपरोक्त खेत विप्रार्थीगण के खेतों के सेढा सेढ आई हुई है। खेतों के बीच किसी प्रकार कि कोई पक्की माठे या सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिनः सीमाओ को लेकर पक्षकारान मे तनाजा एवं विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा मौजा कादानाडी पटवार हल्का कादानाडी तहसील सिणधरी में खसरा संख्या 594/586 रकबा 15.8159 हैक्टेयर भूमि की पक्की नेखमबंदी के आदेश फरमावे जावे।

4.हमनें वकील प्रार्थीगण की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड व संलग्न दस्तावेजात का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया। तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमें पाया मौजा कादानाडी पटवार हल्का कादानाडी तहसील सिणधरी में खसरा संख्या 594/586 रकबा 15.8159 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज है,जो पत्रावली के संलग्न विवादित भूमि की जमाबंदी मय नक्शा खतौनी संवत 2076–2079 का अवलोकन करने से स्पष्ट है,इस प्रकार प्रार्थीगण विवादित भूमि का रिकार्डेड सहखातेदा है,और रिकार्डेड खातेदार अपनी भूमि की पक्की नेखमबंदी करवानें के लिए स्वतंत्र है,जिसके प्रार्थीगण हकदार भी है एवं विप्रार्थीगण बावजूद रजिस्ट्रर्ड नोटिस तामीली के हाजिर नहीं हुए है,इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थी के आवेदन को स्वीकार करने की उनकी ओर से मौन स्वीकृति है। यदि कोई आपत्ति होती,तो न्यायालय में उपस्थित होकर उजर एतराज पेश करतें। लेकिन ऐसा विप्रार्थीगण की ओर से नहीं किया गया। ऐसी सूरत में प्रार्थी का आवेदन स्वीकार योग्य है।

6, लिहाजा,प्रार्थीगण का आवेदन पत्र स्वीकार किया मौजा कादानाडी पटवार हल्का कादानाडी तहसील सिणधरी में खसरा संख्या 594/586 रकबा 15.8159 हैक्टेयर भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार सिणधरी को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है,उक्त कार्यवाही प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण को पूर्व में [illegible]/पत्र के जरिये सुचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर की जावे। कमिश्नर [illegible] प्रार्थीगण मौके पर अदा करेगा। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल [illegible]

Signature Not Verified
Digitally signed by Veerma Ram
Date: 2022.11.17 16:22:17 IST
Reason: SelfAttested

(वीरमाराम)
उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

आदेश आज दिनांक 20.10.2022 को लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी